**NEWS CLIPPING:27.04.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC Bose University organized a free Health Camp for staff and students

TIT Correspondent
info@impressivetimes.com



**FARIDABAD**: With a view to creating awareness about health issues, the Health Centre of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad in collaboration with Sarvodaya Hospital, Faridabad, organized a free Health Check-up Camp in the University premise. A team of doctors from Sarvodaya Hospital including Dr. Lav Kaushik, Psychologists, Dr. Neetu Sahu, Cardiologist, and Dr. Ritu Bhatia, Nutritionist conducted the camp. Vice-Chancellor Prof. S.K. Tomar and Registrar Dr. S.K. Garg also took a round and inspected the camp. The Vice-Chancellor Prof. S.K. Tomar appreciated the efforts made by the Health Centre for conducting a health awareness program for the benefit of University students and staff. The program was successfully organized under the guidance of Dr. Ankur Sharma, Medical Officer, and coordinated by the staff of the Health Centre. During the camp, doctors provided free consultations to the staff and students. In addition to this, free Blood Pressure Check-ups, Blood Sugar Check-ups, and ECGs were also carried out to create awareness about Cardiac, diabetes, hypertension, and other health-related issues. Over 150 staff and students attended the Camp for the health check-up and availed of the benefit.

**NEWS CLIPPING:27.04.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

**NEWS CLIPPING:27.04.2023**

# AAJ SAMAJ

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच करवाते हुए विद्यार्थी। **आज समाज**

## आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय सर्वोदय अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से आज नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सर्वोदय अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम जिसमें डॉ. लव कौशिक, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतू साहू तथा आहार विशेषज्ञ डॉ. ऋतु भाटिया थे, ने शिविर का संचालन किया। कुलपति प्रो एसके तोमर तथा कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया। कुलपति प्रो एसके तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप और ईसीजी की जांच नि:शुल्क की गई। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया तथा लाभ उठाया।

**NEWS CLIPPING:27.04.2023**

# DAINIK JAGRAN

## जेसी बोस यूनिवर्सिटी में कार्यशाला आयोजित



जेसी बोस यूनिवर्सिटी में शुरू हुई पांच दिवसीय कार्यशाला डा .आरके गर्ग तथा कुलपति प्रो .सुशील कुमार तोमर सहित अन्य हिस्सा लेते हुए ▪ सौ.पीआरओ

**वि ., फरीदाबाद** : जेसी बोस विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रानिक सामग्री एवं उपकरणों के निर्माण और विशेषता तकनीक पर पांच दिवसीय कार्यशाला (मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम) बुधवार को आरंभ हुई। कार्यक्रम का आयोजन भौतिकी विभाग के अंतर्गत प्रज्ञानम सोसायटी के तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो .एसके तोमर, कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति सीरी पिलानी, सीएसआइओ चंडीगढ़ के पूर्व वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग सेवाएं, नई दिल्ली के निदेशक डा .आरके गर्ग की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला के समन्वयक डा .अनुज कुमार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और पांच दिवसीय कार्यशाला के विविध विषयों से परिचित कराया। कुलपति प्रो .सुशील कुमार तोमर ने समाज और देश के हित में शोध एवं नवीन सामग्री विकसित करने में ऐसी कार्यशालाओं को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विज्ञान और इंजीनियरिंग विभागों के सहयोग से आयोजित की जानी चाहिए। कार्यशाला की संयोजक तथा भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डा .अनुराधा शर्मा ने कार्यशाला की विषय-वस्तु पर विस्तार से जानकारी दी।

**NEWS CLIPPING:27.04.2023**

# PUNJAB KESARI

## समाज और देश के हित में नवीन शोध और निर्माण जरूरी: प्रो. तोमर

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण एवं विशेषता पर कार्यशाला शुरू

फरीदाबाद, 26 अप्रैल (सूरजमल पूजा): इलेक्ट्रॉनिक सामग्री एवं उपकरणों के निर्माण और विशेषता तकनीक पर पांच दिवसीय कार्यशाला (मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम) आज जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद में शुरू हो गई। कार्यक्रम का आयोजन भौतिकी विभाग के अंतर्गत प्रज्ञानम सोसायटी के तत्वावधान में किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. तोमर, कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति सीरी पिलानी, सीएसआईओ चंडीगढ़ के पूर्व वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग सेवाएं, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. आर.के. गर्ग की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. अनुज कुमार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और पांच दिवसीय कार्यशाला के विविध विषयों से परिचित कराया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने समाज और देश के हित में शोध एवं नवीन सामग्री विकसित करने में ऐसी कार्यशालाओं को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विज्ञान और इंजीनियरिंग विभागों के सहयोग से आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में नये उपकरण निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला की संयोजक तथा भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुराधा शर्मा ने कार्यशाला की विषय वस्तु पर विस्तार से जानकारी दी।

अंत में कार्यशाला के समन्वयक डॉ. कौशल कुमार ने गणमान्य व्यक्तियों तथा सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



*26एफआरबी-1: मुख्य वक्ता डॉ. आर.के गर्ग को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर।*

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:27.04.2023**

# PUNJAB KESARI

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



*कैप्शन 59: स्वास्थ्य शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम के साथ कुलपति प्रो एस. के. तोमर एवं कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग। (छाया:एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 26 अप्रैल (पूजा): स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय सर्वोदय अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से आज निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सर्वोदय अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम जिसमें डॉ. लव कौशिक, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतू साहू तथा आहार विशेषज्ञ डॉ. ऋतु भाटिया थे, ने शिविर का संचालन किया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर तथा कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप और ईसीजी की जांच निःशुल्क की गई। शिविर में लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:27.04.2023**

# HINDUSTAN

## विद्यार्थियों ने शिविर का लाभ उठाया

फरीदाबाद। स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, में स्थानीय सर्वोदय अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से आज निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य शिविर में लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया तथा लाभ उठाया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरुक किया गया।

**NEWS CLIPPING:27.04.2023**

# HINDUSTAN

## इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर कार्यशाला शुरू

**फरीदाबाद।** इलेक्ट्रॉनिक सामग्री और उपकरणों के निर्माण और विशेषता तकनीक पर पांच दिवसीय कार्यशाला बुधवार से जे सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुरू हो गई। कार्यक्रम का आयोजन भौतिकी विभाग के अंतर्गत 'प्रज्ञानम' सोसायटी के तत्वावधान में किया गया।

कार्यशाला के समन्वयक डॉ. अनुज कुमार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और पांच दिवसीय कार्यशाला के विविध विषयों से परिचित कराया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:27.04.2023**

# PIONEER

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न



शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच करवाते हुए विद्यार्थी।

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और सर्वोदय अस्पताल फरीदाबाद के सहयोग से बुधवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सर्वोदय अस्पताल के चिकित्सकों की टीम में जिसमें डॉ. लव कौशिक, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतू साहू तथा आहार विशेषज्ञ डॉ. ऋतु भाटिया थे। कुलपति प्रो एसके तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया तथा लाभ उठाया।